चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद

Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik bhaskar** **Date: 07-08-2023**

दैनिक भास्कर जींद भास्कर 07-08-2023

# सीआरएसयू के शोधार्थी के भौतिकी 10 शोध जर्नल में हुए प्रकाशित

भास्कर न्यूज | जींद

चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में भौतिकी विभाग के शोधकर्ता ने 10 शोधपत्रों को इंटरनेशनल जर्नल्स में प्रकाशित करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। भौतिकी विभाग में पीएचडी की शुरुआत 2021 में हुई। शोधकर्ता अमित कुमार ने अपना पीएचडी का शोध कार्य सहायक प्रोफेसर डॉ. निशा के मार्गदर्शन में शुरू किया। शोधकर्ता अमित कुमार ने 10 रिसर्च पेपर प्रकाशित किए व 13 अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने डॉ निशा व शोधकर्ता को बधाई दी । विश्वविद्यालय कुलपति ने बताया कि पीएचडी के साथ एमएससी में भी रिसर्च के लिए सुविधाएं प्रदान की जाती हैं जिससे विद्यार्थियों का रुझान रिसर्च की तरफ बढ़ता है। विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ लवलीन मोहन ने डॉ निशा व शोधकर्ता अमित कुमार को बधाई दी।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद

Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)

**Public Relations Office**

**Newspaper: Hari bhoomi** **Date: 07-08-2023**

# अमित के दस शोधपत्र इंटरनेशनल जर्नलों में प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में भौतिकी विभाग के शोधकर्ता ने दस शोधपत्रों को इंटरनेशनल जर्नलों में प्रकाशित करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। भौतिकी विभाग में पीएचडी की शुरुआत वर्ष 2021 में हुई। शोधकर्ता अमित कुमार ने अपना पीएचडी का शोध कार्य सहायक प्रोफेसर डा. निशा के मार्गदर्शन में शुरू किया। शोधकर्ता अमित कुमार ने दस रिसर्च पेपर प्रकाशित किए व 13 अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। विश्वविद्यालय कुलपति डा. रणपाल सिंह ने डा. निशा व शोधकर्ता अमित को बधाई दी। उन्होंने बताया कि पीएचडी के साथ एमएससी में भी रिसर्च के लिए सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। जिससे विद्यार्थियों का रुझान रिसर्च की तरफ बढ़ता है। विश्वविद्यालय कुलसचिव डा. लवलीन मोहन ने डा. निशा व शोधकर्ता अमित कुमार को बधाई दी। उन्होंने ओर भी गतिशीलता के साथ रिसर्च करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि उन्नत रिसर्च करके अनुसंधान कार्य को ओर बेहतर बनाया जा सकता है। वर्तमान में डा. निशा को भारत सरकार के विज्ञान व प्रौद्योगिकी द्वारा तीस लाख का रिसर्च प्रोजेक्ट भी मिला है, जिससे यहां रिसर्च कर रहे शोधकर्ताओं को अधिक अवसर मिलेंगे।

- 13 अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में अपनी प्रस्तुतियां दे सीआरएसयू का नाम किया रोशन



जींद। शोधकर्ता अमित सीआरएसयू वीसी डा. रणपाल के साथ।

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 07-08-2023**

# शोधकर्ता अमित के दस शोधपत्रों को इंटरनेशनल जर्नल में किया प्रकाशित

## 13 अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय कांफ्रेंस में प्रस्तुति देकर सीआरएसयू का नाम किया रोशन

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में भौतिकी विभाग के शोधकर्ता ने दस शोधपत्रों को इंटरनेशनल जर्नलों में प्रकाशित करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। भौतिकी विभाग में पीएचडी की शुरुआत वर्ष 2021 में हुई। शोधकर्ता अमित कुमार ने अपना पीएचडी का शोध कार्य सहायक प्रोफेसर डॉ. निशा के मार्गदर्शन में शुरू किया।

शोधकर्ता अमित कुमार ने दस रिसर्च पेपर प्रकाशित किए व 13 अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। शोधकर्ता ने बताया कि डॉ. निशा के मार्गदर्शन के साथ ही यह सब संभव हो पाया है। विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने डॉ. निशा व शोधकर्ता को बधाई दी। उन्होंने बताया कि पीएचडी के साथ एमएससी में भी रिसर्च के लिए सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इससे विद्यार्थियों का रुझान रिसर्च की तरफ बढ़ता है। विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. लवलीन मोहन ने डॉ. निशा व शोधकर्ता अमित कुमार को बधाई दी।

उन्होंने ओर भी गतिशीलता के साथ रिसर्च करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि उन्नत रिसर्च करके अनुसंधान कार्य को ओर बेहतर बनाया जा सकता है। वर्तमान में डॉ. निशा को भारत सरकार के विज्ञान व प्रौद्योगिकी द्वारा तीस लाख का रिसर्च प्रोजेक्ट भी मिला है। इससे यहां रिसर्च कर रहे शोधकर्ताओं को अधिक अवसर मिलेंगे।



कुलपति डॉ. रणपाल सिंह के साथ डॉ. निशा व शोधकर्ता अमित कुमार। स्रोत: शोधकर्ता

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesri** **Date: 07-08-2023**

# शोधकर्ता अमित ने 10 शोध पत्रों को इंटरनैशनल जर्नलों में प्रकाशित



*शोधकर्ता अमित सी.आर.एस.यू. वी.सी. डा. रणपाल के साथ।*

**13 अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय कांफ्रैंस में अपनी प्रस्तुतियां दे सी.आर.एस.यू. का नाम किया रोशन**

जींद, 6 अगस्त (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में भौतिकी विभाग के शोधकर्ता ने 10 शोधपत्रों को इंटरनैशनल जर्नलों में प्रकाशित करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। भौतिकी विभाग में पी.एच.डी. की शुरूआत वर्ष 2021 में हुई। शोधकर्ता अमित कुमार ने अपना पी.एच.डी. का शोध कार्य सहायक प्रोफैसर डा. निशा के मार्ग-दर्शन में शुरू किया।

शोधकर्ता अमित कुमार ने 10 रिसर्च पेपर प्रकाशित किए व 13 अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय कांफ्रैंस में अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। विश्वविद्यालय कुलपति डा. रणपाल सिंह ने डा. निशा व शोधकर्ता अमित को बधाई दी। उन्होंने बताया कि पी.एच.डी. के साथ एम.एस.सी. में भी रिसर्च के लिए सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। जिससे विद्यार्थियों का रुझान रिसर्च की तरफ बढ़ता है।

विश्वविद्यालय कुलसचिव डा. लवलीन मोहन ने डा. निशा व शोधकर्ता अमित कुमार को बधाई दी। उन्होंने और भी गतिशीलता के साथ रिसर्च करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि उन्नत रिसर्च करके अनुसंधान कार्य को और बेहतर बनाया जा सकता है। वर्तमान में डा. निशा को भारत सरकार के विज्ञान व प्रौद्योगिकी द्वारा 30 लाख का रिसर्च प्रोजैक्ट भी मिला है, जिससे यहां रिसर्च कर रहे शोधकर्ताओं को अधिक अवसर मिलेंगे।